लापरवाही ▶ सड़कों पर अधिकांश चालकों के सिर में नहीं है हैलमेट, पेट्रोल पंप में ही निकलता है बाहर हैलमेट

## हमें नहीं है जान की परवाह, हम तो ऐसे ही वाहन दौड़ाएंगे...





नवभारत,जबलपुर। आदेश चाहे कितने भी जारी हो जाएं, हम तो अपने मन की ही करेंगे....ये बात इन दिनों जबलपुर के अधिकांश दोपहिया वाहन चालकों के ऊपर बिल्कुट फिट बैठते नजर आ रही है। वजह.. सड़कों पर बिना हैलमेट के अभी भी अधिकांश दोपहिया वाहन चालकों का देखा जाना। नवभारत के कैमरे में शहर के अलग-अलग इलाकों की सड़कों में दौड़ रहे दोपहिया वाहन चालकों की जो तस्वीरें कैद हुईं उससे तो साफ था कि जिला कलेक्टर के द्वारा कुछ दिनों पहले वाहन चालकों की ही सुरक्षा के लिए जारी किए गए आदेश से कोई लेना-देना नहीं है। वे खुद अपनी जान की बाजी लगाकर सड़कों पर सिर को बिना सुरक्षित किए वाहन दौड़ा रहे हैं और मजबूरी में कुछ ही चालक अपने पास हैलमेट वाहन की डिक्की में रख रहे हैं, पेट्रोल पंप आते ही वो हैलमेट बाहर निकलता है और पेट्रोल वाहन में भरवाते ही ये हैलमेट गाड़ी के अंदर चला जाता है।

### पेट्रोल पंप संचालकों को नहीं है कार्यवाही का भय

हैरानी होती है चालकों का ये रवैया देखकर... बहरहाल कलेक्टर के आदेश के बाद शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों में बिना हैलमेट पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है तो वहीं घमापुर इलाके में मौजूद पेट्रोल पंपों में संचालकों द्वारा बिना किसी कार्रवाई के भय के कलेक्टर के आदेश की अवहेलना की जा रही है। यहां चालकों को बिना हैलमेट के पेट्रोल दिया जा रहा है। उधर तैयब अली पेट्रोल पंप में ग्राहक और कर्मचारी के बीच हुए विवाद के बाद चोरी छिपके बिना हैलमेट के पेट्रोल देने की भी शुरूआत हो चुकी है। विदित हो कि कुछ दिनों पहले कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा आदेश जारी किया गया था कि बिना हैलमेट कोई भी पेट्रोल पंप संचालक दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देगा और जो देगा उस संचालक के खिलाफ कार्यवाही होगी।

**▶ इस कारण जारी किया गया आदेश**

जानकारी के अनुसार बीते कुछ माह में जबलपुर जिले के भीतर हुए सड़क हादसों में देखा गया है कि जिन दोपहिया वाहन चालकों ने सिर पर हैलमेट नहीं लगा रखा था उनके एक्सीडेंट के बाद सिर में गंभीर चोटें आईं और फिर उनकी मौत हो गई। जिसके बाद इन मौतों के आंकड़ों को कम करने और चालकों की सुरक्षा के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना ने ये आदेश जारी कर दिया कि नो हैलमेट, नो पेट्रोल।

## भोपाल की टीम ने की थी जांच, कैसी नहीं पड़ी भनक

▶ एमएलटी वेयरहाउस में फर्जी मूंग खरीदी मामला



नवभारत, जबलपुर। ग्रीष्मकालीन मूंग - उड़द की खरीदी में शहपुरा क्षेत्र के एमएलटी वेयरहाउस में फर्जी मूंग की एंट्री करने का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि खरीदी के समय दो दिन भोपाल की टीम जिले में रही, जिन्होंने कई वेयरहाउस में जाकर जांच भी की थी। लेकिन एमएलटी वेयरहाउस में उन्हें फर्जी मूंग खरीदी की भनक कैसे नहीं लगी..?? भोपाल के अधिकारियों के साथ जिले के अधिकारी भी वेयरहाउस में जांच करने पहुंचे थे। यह भी कहा जा सकता है कि अधिकारियों के पहुंचने की जानकारी पहले ही वेयरहाउस संचालक और समिति प्रबंधकों को पहु गई होगी, जिसके चलते उन्होंने उक्त गड़बड़ी को छुपाने की तैयारी कर ली थी।

विदित है कि खरीदी के लिए बनाए गए एमएलटी वेयरहाउस के केंद्र पर बसेड़ी समिति द्वारा फर्जी मूंग की एंट्री कर ली है, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भेड़ाघाट स्थित बसेड़ी सेवा सहकारी समिति के वेयरहाउस केंद्र में लगभग 1600 क्विंटल मूंग और 300 क्विंटल उड़द की फर्जी एंट्री हुई है। जहां बिना फसल लाए ही भ्रष्टाचारियों द्वारा उक्त मूंग और उड़द की एंट्री पोर्टल पर कर दी, जिसमें दोनों फसलों की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ से ऊपर की होगी।

**30 जुलाई को पहुंचे थे भोपाल के अधिकारी**

उपार्जन कार्य के दौरान किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के भोपाल से आये अधिकारी 30 जुलाई को शहपुरा और पाटन क्षेत्र के खरीदी केंद्र पहुँचे थे। जिन्होंने सांवरिया वेयरहाउस मिड़की, काकुल वेयरहाउस शहपुरा एवं एमएलटी वेयर हाउस मझीठा का निरीक्षण किया। जिनके साथ जिले के कृषि अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान परखी लगाकर स्टेक में रखे हुए मूँग उड़द का गुणवत्ता परीक्षण तथा बोरियों का वजन कराया गया। सर्वेयर से एफएक्यू क्वालिटी का एनालिसिस कराकर भी देखा गया तथा नॉन एफएक्यू लॉट की सबंधित किसान को तत्काल सूचना देने के निर्देश समिति प्रबंधकों को दिए थे।

## घर में घुसकर छह साल की मासूम से दरिंदगी

▶ मारपीट मामले में फरार आरोपित ने की हैवानियत



जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत मंगेला सूरतलाई में रहने वाली छह साल की मासूम से घर में घुसकर दरिंदगी की गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर पॉस्को एक्ट समेत अन्य धारओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। हैवानियत करने वाला आरोपी मारपीट मामले में फरार था और फरारी के दौरान ही उसने दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया हैं।

पुलिस के सूत्रों के मुताबिक मंगला सूरतलाई में छह साल की बच्ची शाम को जब अपनी 62 वर्षीय दादी के साथ घर में अकेली थी तभी राहुल यादव 35 वर्षीय का मौका मिलते ही घर में घुस गया और बाथरूम में मासूम के साथ दरिंदगी करने लगा। मासूम दौड़कर दादी के पास पहुंची और रोती बिलखती रही। जब दादी ने चैक किया तो हैवानियत समझने में देरी नहीं लगी वहीं आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद वृद्धा मासूम को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं।

**बम के साथ दबोचा, नौ अपराध है दर्ज-** माढ़ोताल पुलिस ने पाटन वायपास में दबिश देकर राहुल यादव उर्फदेवा 25 वर्ष निवासी ग्राम कठौंदा सरकारी स्कूल के पास माढ़ोताल को सुअर मार बम के साथ दबोचा हैं। जिसके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई। आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध अवैध वसूली, छेडछाड, मारपीट, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के 9 अपराध दर्ज है।

**इधर महिला से दुष्कर्म की कोशिश-** सिहोरा थाना क्षेत्र में देर रात घर में घुसकर एक युवक ने दुष्कर्म की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि सिहोरा थाना क्षेत्र में रहने वाली 40 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नौ माह पूर्व उसके पति का निधन हो गया है वह अकेली रहती है। बीती रात्रि 12 बजे जब वह सो रही थी तभी गांव में रहने वाला मोना बर्मन पिता कमल बर्मन का घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश किया उसने चीख पुकार मचाई तो धमकाते हुए भाग गया।

**9 दिन में 7 लूटें, सवालों के घेरे में सुरक्षा**

## लुटेरों ने शहर की सड़कों पर फैलाई दहशतगर्दी

जबलपुर। शहर की सड़कों पर लुटेरों ने दहशतदर्दी फैला रखी हैं। कोई चाकू अड़ा रहा हैं तो कोई हथियारों से लैस होकर हमले करते हुए लूटपाट कर रहा हैं, शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में बेखौफ लुटेरें धड़ाधड़ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हर दिन लूट पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज होने लगी हैं इसे अंदाजा लगाया जा सकता हैं अपराधों का ग्राफ कितनीतेजी से बढ़ता जा रहा हैं। एक अगस्त से नौ अगस्त तक हुई लूटपाट की वारदातों पर अगर नजर दौड़ाई जाएं तो नौ दिन में सात लूट हुई ये वो वारदातें हैं जो पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं इन वारदातों ने सुरक्षा को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया हैं। इसके साथ ही पुलिस गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं।





### असुरक्षित महसूस कर रहे नागरिक

लगातार बढ़ती वारदातों से नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं उन्हें डर सताने लगा है कि कब कौन लूट की वारदात का शिकार हो जाएं कब किस पर चाकू अड़ा दिया जाएं कब किस का मोबाइल, नगदी, बाइक,पर्स लूट लिया जाएं कुछ कहां नहीं जा सकता हैं।

### खुद करें सुरक्षा, सतर्कता बरतें

एक्सपर्ट बताते है कि पुलिस गश्त करती हैं, वारदातें होने पर एफआईआर भी दर्ज कर लेती हैं आरोपी भी पकड़ लिए जाते हैं लेकिन वारदातें नहीं थम रहीं है ऐसे में अब नागरिकों को खुद को स्वयं की सुरक्षा करनी होगी। सावधानी बरतने के साथ सतर्कता बरतनी होगी। सूने सड़कों से न गुजरें, रात के समय रास्ते में अनजान व्यक्ति के रोकने पर उसकी न सुने।

### इन थानों में बढ़ी वारदातें

ये वारदातें संजीवनी नगर, गढ़ा, माढ़ोताल, सिहोरा, खितौला, बरगी थाना क्षेत्रों में हुई है। अगर बीते माह हुई वारदातों पर नजर दौड़ाई जाएं तो अधारताल, ओमती, लार्डगंज, कोतवाली, विजय नगर, गोहलपुर, गढ़ा, रांझी में भी लूटपाट की वारदातें हुई हैं।

**▶ ये हुए लूट का शिकार**

- एक अगस्त को श्रीमती अनीता धौलपुरी निवासी गुरूदेव कॉलोनी पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र लूट लिया गया।
- राम सिंह उर्फ भूरा निवासी बरगी पर दो अगस्त को बदमाशों ने लाठी से हमला कर नगदी 5 हजार 130 रूपए, मोबाइल, बाइक लूट ली।
- चार अगस्त को संजीव कोल पिता रामदास कोल 20 वर्ष निवासी सिहोरा पर चाकू अड़ाकर नगदी 3250 रूपए, मोबाइल लूटा गया।
- संतोष मल्ला निवासी रामघाट पर पांच अगस्त को लुटेरो ने निशाना बनाया जब वह लूट में सफल नहीं हो पाये तो हथियार से हमला कर दिया।
- छह अगस्त को दिनेश कुमार निवासी गंजताल पर चाकू अड़ाकर बाइक, मोबाइल लुटेरों ने लूट लिया।
- सात अगस्त को पेट्रोल पंप संचालक के ड्राइवर संजय सिंह का मोटर सायकिल सवार लुटेरे मोबाइल छीनकर फरार हो गए।
- नौ अगस्त को श्रीमति प्रीति बाई सिंह 45 वर्ष निवासी ग्राम खैरी के सामने स्कूटी अड़ाकर तीन लूटे मंगलसूत्र पर झपट्टामार कर ले गए।

## दो महिलाओं और दो युवकों ने की खुदकुशी

जबलपुर। शहर में चार अलग-अलग मामलों में दो महिलाओं, दो युवकों ने खुदकुशी कर ली। मृतकों ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका हैं पुलिस चारों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही हैं।

रांझी पुलिस ने बताया कि श्रीमती वंदना विश्वकर्मा 33 वर्ष निवासी नई बस्ती झंडा चौक सुभाषनगर थाना रांझी ने घर पर जहरीली वस्तु सेवन कर लिया देवर प्रकाश विश्वकर्मा द्वारा इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के महिला की मौत हो गई। इसी प्रकार भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह लगभग 11 बजे गोविंद पटेल 52 वर्ष निवासी ग्राम सिहोदा ने सूचना दी कि उसका लड़का दीपक पटैल शराब पीने का आदी है सुबह लगभग 6-30 बजे शराब पीकर कमरा बंद कर काले रंग का बिजली के बायर से फंदा बनाकर पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। वहीं तिलहरी में आशीष ठाकुर 23 वर्ष ने कमरा के अंदर सीलिंग फेन के जरिए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके अलावा अधारताल थाने में रमन कोल 21 वर्ष निवासी बरगद के पेड़ के पास ग्राम हथना ने सूचना दी कि उसने 2 वर्ष पहले ग्राम खमरिया चौकी गौर बरेला की रहने वाली रागिनी कोल से प्रेमविवाह किया था। दोनों साथ में रहते थे। दोपहर लगभग 2 बजे अपने दोस्त के पास ग्वारीघाट चला गया था घर आकर आवाज लगाया पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला तो उसने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा पत्नी के मुंह से सफेद झाग निकल रहा था पत्नी की मौत हो गई थी। प्रारम्भिक जांच में मौत फांसी लगाने से होना पाया गया।

### 3 से मारपीट, ढाबा में तोड़फोड़

जबलपुर। पनागर थाना क्षेत्र में बदमाश ने एक युवक पर पाइप से हमला कर दिया बीच बचाव करने पहुंचे दो युवकों के साथ मार कर ढाबा में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने बताया कि शंभू महतो 38 वर्ष निवासी पनागर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि देवरी निवासी गुल्ली शर्मा ने उसके साथ मारपीट कर लोहे के पाईप से हमला कर चोट पहुंचा दी। बहादुर एवं जितेन्द्र बर्मन बीच बचाव करने आये तो गुल्ली शर्मा ने उनके साथ भी मारपीट कर ढाबा में तोड़फोड़ की।

## ढाई लाख चुकाये, ब्याज की रकम नहीं देने पर धमकाया, तोड़फोड़

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत रिछाई पानी की टंकी के पास रहने वाले एक अधिवक्ता को मकान खरीदने के लिए ढाई लाख रूपए उधार लेना महंगा पड़ गया। उधारी की रकम चुकाने के बाद भी उसे परेशान किया जाने लगा। ब्याज की रकम न देने पर उसे बीती रात सूदखोर के बेटे ने धमकाया बल्कि तलवार लहराते हुए गेट में तोड़फोड़ कर दी और धमकाते हुए फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक प्रदीप राठौर निवासी रिछाई पानी की टंकी के सामने रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अधिवक्ता है। करीब 2019 वर्ष में देवी प्रसाद नामदेव से मकान खरीदने के लिये एडवांस के रुप में 2 लाख 50 हजार रुपये लिये थे जिसे अलग अलग किस्तों में देवी प्रसाद नामदेव के पैसे वापस कर दिये थे उसके बाद भी मुझे और अधिक ब्याज के पैसो की मांग कर परेशान किया जा रहा है। बीती रात डेढ़ बजे देवी प्रसाद नामदेव का लड़का प्रहलाद नामदेव घर के सामने आकर आवाज लगाया तो वह घर के बाहर निकला तो पूर्व में लिये पैसों वापस मांग रहा था मना किया तो तलवार से घर के गेट में जोर जोर से मार रहा था जिससे गेट की पट्टियां टूट गई है कह रहा था पैसे वापस नहीं करोगो तो जान से खत्म कर दूंगा।

## पति असम, नेपाल घूमने गए, पत्नी मायके, घर में चोरी

▶ डेढ़ लाख नगद समेत सोने चांदी के जेवरात ले गए चोर



जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत व्यास कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, डेढ़ की नगदी पार कर दी चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब पति असम, नेपाल घूमने गया था और पत्नी सास के साथ मायके गई हुई थी।

पुलिस के मुताबिक श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर 35 वर्ष निवासी व्यास कालोनी पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति जितेन्द्र उर्फ जित्तू ठाकुर लगभग 5 दिन पहले असम, नेपाल तरफ घूमने गये हैं। रक्षा बंधन त्यौहार होने से उसकी सास कौशिल्या बाई दोपहर में अपने मायके सूरादेही चली गई थी वह भी दोपहर लगभग 1-30 बजे अपने बच्चों को लेकर अपने भाई प्रीतम सिंह के घर राखी बांधने कटंगी रोड़ पाटन चली गयी थी। रविवार सुबह लगभग घर वापस आयी तो देखी जाली वाले गेट में ताला टूटा था दरवाजा खुला था अंदर के सभी दरवाजे खुले थे सास के कमरे की आलमारी का लॉक टूटा था आलमारी में रखे सोने के 2 कंगन, 1 माला, 2 छोटी माला, चांदी के 5 सिक्के, 6 जोड़ी पायल, नगदी 1 लाख 50 हजार रूपये नगद नहीं थे।

## ई-रिक्शा, ऑटो चालकों ने एल्गिन को बनाया स्टैंड

▶ एल्गिन अस्पताल गेट के बाहर नहीं थम रही मनमानी



नवभारत, जबलपुर। शासकीय रानी दुर्गावती चिकित्सालय लेडी एल्गिन में मुख्य गेट के बाहर ऑटो चालक और ई- रिक्शा चालक की मनमानी नहीं थम रही है। जिसमें देखा गया है कि यह सवारी के लिए अस्पताल के गेट के बाहर ही अपना वाहन खड़ा कर देते हैं और सवारी बैठाने के लिए लग जाते हैं। जिसके कारण यहां आने- जाने वाले मरीज और उनके परिजनों को काफी समस्याएं होती हैं। खासतौर पर यह देखा जाता है कि जब कोई मरीज या उनके परिजन आते हैं तो यह ई-रिक्शा और ऑटो चालक गेट पर ही अपना वाहन खड़ा करके अपनी सवारी के लिए लग जाते हैं। उससे अगर कोई एंबुलेंस या मरीज अस्पताल में पहुंचता है तो उनको गेट के अंदर या बाहर जाने में बहुत परेशानी होती है। जिस पर यातायात विभाग द्वारा कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### कई बार बनती है जाम की स्थिति

मुख्य रेलवे स्टेशन के समीप बने लेडी एल्गिन अस्पताल में रोजाना मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। खासतौर पर प्रसूता महिला का इलाज इसी अस्पताल में होता है,जिसके कारण यहां महिला एवं उनको परिजनों की भीड़ लगी रहती हैं। उससे यहां ऑटो और ई- रिक्शा चालकों की धमा चौकड़ी होने के कारण इसके मुख्य गेट के बाहर खड़े वाहनों से ट्रैफिक जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। वहीं अगर कोई बड़ा वाहन यहां से गुजरता है तो इन ई- रिक्शा और ऑटो चालकों के कारण यहां पर बड़े वाहन फंस जाते हैं। जिससे ट्रैफिक जाम लग जाता है और वाहनों की लंबी कतारें भी दोनों तरफ देखने को मिलती हैं।

मनमानी ▶ रसूख दिखाने लगा रहे अमानक नंबर प्लेट

## हमारी गाड़ी हमारा नंबर, रोक सको तो रोक लो

जबलपुर, नवभारत। सड़को पर वाहन चलाने के नियम कायदे सिर्फ मध्यम वर्गीय लोगों के लिए ही बने है! क्योंकि नेता नगरी से जुड़े रसूख वाले बड़े लोग तो अपने मर्ज़ी के हिसाब से कानून बनाते है। इसका उदाहरण शनिवार दोपहर को त्रिपुरी चौक पर देखने को मिला जहां एक भाजपा नेता की काली थार गाड़ी में अमानक ढंग से नंबर आरपीके 0243 लिखा हुआ था। अब समझने वाली बात यह है कि ये नंबर कौन से राज्य का है, और किस कानून के तहत वैध है इसका फैसला तो यातायात विभाग करे! आज कल के युवा कानून के साथ खिलवाड़ कर अपनी मर्जी से नंबर प्लेट का



आकार, नंबरों का कलर तो बदल ही रहे हैं साथ ही नंबर इस प्रकार से लिखवाते है कि कोई इन्हे आसानी से पकड़ ना सके।

**गायब हुई हाई सिक्योरिटी प्लेट-**नगर के दो और चार पहिया वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। वही सरकार की ओर लागू की गई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट भी रसूख रखने वालों की गाड़ियों से गायब हो चुकी है। गलत तरीके से लिखे गए नंबर वारदात को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों की भी पहचान छिपाने में मददगार साबित होती हैं। शहर में खुलेआम नियमों को ताक पर रख अमानक नंबर प्लेट लगा कर वाहन चालक धड़ल्ले से घूम रहे हैं। कई वाहनों के नंबर प्लेट रंग-बिरंगी, आड़ी-तिरछी, स्टाइलिश और स्लोगन लिख, या फिर अक्षर या अंक का साइज छोटा-बड़ा लिखा हुआ होता है।

**हर दूसरी कार में लगी ब्लैक फिल्म-** कानून की नजरों में अवैध घोषित ब्लैक फिल्मों का इस्तेमाल खुलेआम कार मालिकों द्वारा किया जा रहा है। शहर के सिविक सेंटर, रसल चौक और पुराने बस स्टैंड जैसे अन्य इलाकों में दुकानदार बेधड़क ब्लैक फिल्म बेच रहे हैं। लेकिन इनपर कार्यवाही करने के लिए कोई भी अधिकारी सामने नहीं आते है। परिणाम स्वरूप शहर में मौजूद हर दूसरी कार में ब्लैक फिल्म लगी हुई है। कार कंपनियों द्वारा टिंटेड ग्लास दिए जाने के बावजूद वाहन मलिक अपना रसूख दिखने ब्लैक फिल्मों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**▶ इनका कहना है**

यातायात पुलिस द्वारा गलत तरीके लगाई गई नंबर प्लेटों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही कारों में लगी ब्लैक फिल्मों को तुरंत अलग किया जा रहा है।

**संतोष शुक्ला,** डीएसपी, यातायात पुलिस

### खस्ताहाल सड़क के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

जबलपुर। चौथा पुल से भैंसासुर मार्ग के खस्ताहाल सड़क के विरोध मे कांग्रेस पार्षद दल आज प्रदर्शन करने की तैयारी में है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी एवं सचेतक अयोध्या तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया हे कि कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा क्रमबद्ध तरीके से ऐसे निर्माण कार्य जो कुछ ही माह में हुए हैं और आज उनकी हालत खस्ताहाल होती जा रही है उन पर मौके पर जाकर प्रदर्शन किया जाएगा इसी क्रम मे विगत कुछ माह पूर्व ही चौथा पुल से भैंसासुर तक सड़क को बनाया गया था जो कुछ माह ही चल सकी। उक्त ख़स्ताहाल सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ चुका है।

### रज्जाक गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार

जबलपुर। अब्दुल रज्जाक गैंग के एक और सदस्य शोएब अंसारी निवासी मोहरिया मक्का नगर गली नंबर 8 को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शोएब अंसारी ने पूर्व में विजय नगर थानाक्षेत्र में गैराज का संचालन करने प्राणघातक हमला किया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया गया था। विदित हो कि हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक गैंग पर पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है। शहर के चार थानों में दर्ज प्रकरणों में फरार चल रहे आरोपियों गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी भी जारी है।


**आवश्यकता है**

ऑफिस में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है:-

**02 पद- (ऑफिस बॉय)**

ऑफिस कार्य समय

1.सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक

2.शाम 4 से रात 10 बजे तक

संपर्क करें- नवभारत प्रेस, चौथापुल, शाहिल होण्डा शोरूम के पास, जबलपुर (म.प्र.)

मो.8305852507